12/19/22 11:25 AM

(51)

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार, 30 जनवरी, 2023

गोरखपुर

महानगर 3

आयुष विश्वविद्यालय का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर सीडीओ संजय कुमार मीना भटहट ब्लाक अंतर्गत पिपरी मे लगभग 299 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन 1,99980.72 वर्ग मीटर क्षेत्र में बन रहे आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण करके कार्यो की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होने आयुष विश्व विद्यालय के निमाण कार्य मे गति लाने का निर्देश दिया जिसका निर्माण कार्य मार्च 2023 में पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय पर मजदूरो की संख्या को और बढाया ये और विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रगति से उन्हे अवगत कराया उन्होने कहा कि

हर हाल मे आयुष विश्वविद्यालय का कार्य समय से पूर्ण कराया जाये । उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कर कमलों द्वारा किया गया था इस विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन, अस्पताल, पुस्तकालय, प्रेक्षागृह, संग्रहालय, मोर्चरी, बालक एवं बालिका छात्रावास के अलावा कुलपति व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय भवन बनाए जा रहे। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर सहित कारदायी संस्था के जिम्मेदार मौजूद रहे।